पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने जनपद मऊ में 392 करोड़ रु0 से अधिक लागत की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

## मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, प्रतीकात्मक चेक, लैपटॉप, स्मार्टफोन/टैबलेट आदि प्रदान किये, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन कराया

## बिना भेदभाव के किया जाने वाला विकास आमजन के जीवन स्तर को उठाने का माध्यम, अच्छी सरकार विकास को आगे बढ़ाने का कार्य करती, विगत 12 वर्षों में हम सभी ने बदलते हुए भारत को देखा : मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री जी का कहना है कि देश में केवल चार जातियां–गरीब, युवा, नारी और अन्नदाता किसान, इनके उत्थान से भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन जाएगा

## घोसी चीनी मिल के विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए प्रस्ताव मांगा गया, प्रस्ताव प्राप्त होते ही धनराशि उपलब्ध करा दी जाएगी

## मऊ में पी0पी0पी0 मॉडल पर मेडिकल कॉलेज तैयार हो रहा, जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा

## लोग बदलते मौसम में विशेष सावधानी रखें, भीषण धूप, लू व गर्मी से बचें, खूब पानी पियें, आकाशीय बिजली व आंधी–तूफान में खुले में एवं पेड़ के नीचे जाने से बचें

## प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना–आयुष्मान भारत' तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित किया गया

## किसान या बटाईदार के परिवार का कोई सदस्य यदि दुर्भाग्यवश किसी आपदा की चपेट में आता, तो मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 24 घण्टे में धनराशि उपलब्ध करायी जाती

## आज प्रत्येक गरीब के लिए आवास की सुविधा, प्रत्येक गरीब के घर पेयजल की सुविधा पहुंचाने का अनवरत प्रयास किया जा रहा

**लखनऊ : 29 मई, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है, तो वह विकास को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। बिना भेदभाव के किया जाने वाला विकास आमजन के जीवन स्तर को उठाने का माध्यम है। जब सड़क या पुल का निर्माण होता है, तो बिना भेदभाव प्रत्येक व्यक्ति को चलने का अधिकार मिलता है। जब कोई स्वास्थ्य केन्द्र बनता है, तो उसमें बिना भेदभाव उपचार होता है। बाढ़ सुरक्षा का कार्य बिना भेदभाव लोगों की बाढ़ से सुरक्षा करता है। यह सब तभी सम्भव होता, जब अच्छे लोग चुनकर आते हैं तथा अच्छी सरकार का गठन होता है।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद मऊ में 392 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त आयोजित कार्यक्रम में

अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, प्रतीकात्मक चेक, लैपटॉप, स्मार्टफोन/टैबलेट आदि प्रदान किये। मुख्यमंत्री जी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान मऊ जनपद के विकास पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गयी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2014 में जनता ने देश की बागडोर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में सौंपी थी। विगत 12 वर्षों में हम सभी ने बदलते हुए भारत को देखा है। प्रधानमंत्री जी का मानना है कि देश में केवल चार जातियां—गरीब, युवा, नारी और अन्नदाता किसान हैं। इन चारों जातियों में सभी समाहित हैं। उनका मानना है कि इन चारों के उत्थान से भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन जाएगा। इसके लिए उन्होंने अनेक योजनाओं व कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मऊ की धरती महान क्रान्तिकारी व साहित्यकार पं0 श्याम नारायण पाण्डेय, महान समाज सुधारक स्वामी सहजानन्द सरस्वती, मऊ जनपद को नई पहचान दिलाने वाले पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री कल्पनाथ राय तथा पूर्व राज्यपाल श्री फागू चौहान की पावन धरा है। आज उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि है। चौधरी चरण सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसानों के हित के लिए उनके द्वारा अनेक कार्य किये गये।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज लोकार्पित होने वाली परियोजनाएं सड़क, सेतु, ग्रामीण पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, पुलिस विभाग आदि से सम्बन्धित हैं। राजकीय पॉलीटेक्निक, गरीब परिवार की बालिकाओं को 12वीं तक की शिक्षा के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई0) से सम्बन्धित परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया गया है। इसके साथ ही जनपद में अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं में सड़क की 55, शिक्षा की 03, पुलिस की आवासीय एवं अनावासीय सुविधाओं की 07, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र की 02, नगर विकास की 06 तथा पर्यटन की 03 परियोजनाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार आज प्रत्येक गरीब परिवार को राशन की सुविधा उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना—आयुष्मान भारत' तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित किया गया है। इसके अन्तर्गत लाभार्थियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है तथा निरन्तर लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि की जा रही है। किसान या बटाईदार के परिवार का कोई सदस्य यदि दुर्भाग्यवश किसी आपदा की चपेट में आता है, तो मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 24 घण्टे में धनराशि उपलब्ध करायी जाती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि घोसी चीनी मिल के विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। प्रस्ताव प्राप्त होते ही धनराशि उपलब्ध करा दी जाएगी। सरकार किसानों के हित के लिए प्रत्येक कदम उठाएगी। मऊ में पी0पी0पी0 मॉडल पर मेडिकल कॉलेज तैयार हो रहा है। जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग बदलते मौसम में विशेष सावधानी रखें। भीषण धूप, लू व गर्मी से बचें, खूब पानी पियें। आकाशीय बिजली व आंधी–तूफान में पक्के एवं सुरक्षित स्थानों पर ही रहें तथा खुले में एवं पेड़ के नीचे जाने से बचें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2014 से 2017 तक केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाएं उत्तर प्रदेश में निर्बाध रूप से लागू नहीं हो सकीं। गरीब के लिए आवास, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा, राशन, रसोई गैस आदि सुविधाएं नहीं थीं। गलत लोगों को चुने जाने पर बेटी व व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगती है, जनता–जनार्दन के विकास के लिए खर्च होने वाली धनराशि में भ्रष्टाचार होता है और युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा होता है। वर्ष 2005 में मऊ में दंगे हुए थे। माफिया रामलीला उत्सव में व्यवधान पैदा कर रहे थे। तत्कालीन सरकार माफियाओं के सामने नतमस्तक थी तथा सुरक्षा खतरे में थी। अराजकता का माहौल था।

वर्ष 2017 से पूर्व विकास के कार्य ठप थे। गरीबों को सुरक्षा नहीं मिलती थी। रामलीला, यज्ञ, रामनवमी, जन्माष्टमी व शिवरात्रि जैसे आयोजनों में भी व्यवधान उत्पन्न किया जाता था। पहले बेटी को स्कूल जाने पर शोहदे परेशान करते थे। व्यापारी सूर्यास्त से पूर्व अपने प्रतिष्ठान को बन्द करने के लिए मजबूर था। जब परिवार का सदस्य सूर्यास्त से पूर्व घर नहीं पहुंचता था, तो पूरा परिवार चिंतित हो जाता था। दंगा और कर्फ्यू के माहौल में युवाओं के समक्ष पहचान का संकट खड़ा होता था।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज प्रत्येक गरीब के लिए आवास की सुविधा है। प्रत्येक गरीब के घर पेयजल की सुविधा पहुंचाने का अनवरत प्रयास किया जा रहा है। सड़कों व पुलों का निर्माण किया जा रहा है। बाढ़ से बचाव के उपाय किये गये हैं। बिना रूके, बिना डिगे, बिना थके, बिना झुके विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। विकास का पैसा विकास कार्यों मे खर्च हो रहा है। किसान कल्याण की योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जा रही है। आज माफिया किसी पर्व व त्योहार में व्यवधान पैदा नहीं कर सकता।

कार्यक्रम को नगर विकास मंत्री श्री अरविन्द कुमार शर्मा, कारागार मंत्री श्री दारा सिंह चौहान तथा पंचायतीराज मंत्री श्री ओम प्रकाश राजभर ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गिरीश चन्द्र यादव, विधायक श्री राम बिलास चौहान, विधान परिषद सदस्य श्री विच्छे लाल राम, श्री विक्रान्त सिंह 'रिशू' सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

———————